RNI NO. : MAHHIN/2019/77511 | मुंबई : गुरुवार 04 मई 2023 | वर्ष 05 | अंक 18 | संपादक : फैसल शेख | पृष्ठ : 8 | कीमत : 03 रुपये

दैनिक
# रोकठोक लेखनी
खबरें बे-रोकटोक

Read E Newspaper at Paper Boy App, Magzter App, Jio News App, Paytm App, Dailyhunt App

## पवार के इस्तीफे से देश और महाराष्ट्र की राजनीति में बढ़ेगी हलचल

### हालात पर हमारी नजर...! - संजय राउत



**महाराष्ट्र :** महाराष्ट्र की सियासत में फिर से हलचल तेज हो गई है। 2 मई को NCP चीफ शरद पवार ने इस्तीफा दे दिया। पवार के इस्तीफे के बाद कयास ये लगाए जा रहे हैं कि आगे कुछ बड़ा होने वाला है। इसी कड़ी में उद्धव गुट के संजय राउत ने प्रतिक्रिया देते हुए कहा है कि शरद पवार का जब ऐसा कोई निर्णय आता है तो महाराष्ट्र ही नहीं देश की सियासत में भी हलचल तेज हो जाती है। शरद पवार के इस्तीफे पर संजय राउत ने कहा, 'हमारी भूमिका वेट एंड वॉच की है। पवार साहब का इस्तीफा देश की राजनीति में एक बड़ी घटना है। यह चौका देने वाला है लेकिन उनकी पार्टी का एक अंदरूनी मामला है। शरद पवार के बारे में जब इस प्रकार का कोई निर्णय आता है तो महाराष्ट्र और देश की राजनीति में खलबली जरूर मच जाती है।'

**पवार के इस्तीफे के बाद मनाने में जुटी NCP**

संजय राउत का इस्तीफा अचानक आया, जिससे देश की सियासत में ही नहीं बल्कि उनके समर्थकों में भी खलबली मच गई। पवार के समर्थक लगातार उन्हें इस्तीफा वापस लेने के लिए मनाने में जुट गए। पार्टी कार्यकर्ता पवार से इस्तीफा वापस लेने के लिए ऑफिस के बाहर प्रदर्शन कर रहे थे।

### इस्तीफे को लेकर क्या बोले शरद पवार?

शरद पवार ने कहा– ह्लकई साल तक मुझे राजनीति में पार्टी को लीड करने का मौका मिला है। इस उम्र में आकर ये पद नहीं रखना चाहता। मुझे लगता है कि और किसी को आगे आना चाहिए। पार्टी के नेताओं को ये फैसला करना होगा कि अब पार्टी का अध्यक्ष कौन होगा?ह्व गौरतलब है कि शरद पवार आखिरी बार 2022 में ही चार साल के लिए अध्यक्ष चुने गए थे।

### किसके सिर सजेगा NCP चीफ का का ताज?

बीते कुछ दिनों से राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी में फूट पड़ने की बात सामने आ रही थी। इस बीच शरद पवार के इस्तीफे के बाद सवाल ये उठ रहा है कि आखिर अब अध्यक्ष पद का ताज किसके सिर सजने वाला है। एक तरफ अजीत पवार हैं, जिनके बारे में ये कहा जा रहा था कि वो अपने विधायकों के साथ भाजपा में जा सकते हैं, वहीं शरद पवार की बेटी सुप्रिया सुले भी हैं। इसके अलावा अजीत पवार ने बताया कि शरद पवार ने नए अध्यक्ष के चयन के लिए कमेटी में कुछ नाम सुझाए हैं। कमेटी में जो नाम सुझाए गए हैं उनमें प्रफुल पटेल, सुनील टटकरे, केके शर्मा, पीसी चाको, अजित पवार, जयंत पाटील, सुप्रिया सुले, छगन भुजबल, दिलीप वलसे पाटील, अनिल देशमुख, राजेश टोपे, जितेंद्र अहवाड़, हसन मुसरिफ, धनंजय मुंडे, जयदेव गायकवाड़, फौजिया खान, धीरज शर्मा, सोनिया दोहन के नाम बताए जा रहे हैं।

## मैंग्रोव और समुद्री जैव विविधता में अनुसंधान के लिए 75 छात्रों को स्कॉलरशीप देने के लिए कैबिनेट की मंजूरी



**मुंबई :** महाराष्ट्र मंत्रिमंडल ने विदेशों में प्रतिष्ठित विश्वविद्यालयों में 'मैंग्रोवऔर समुद्री जैव विविधता में शोध करने के लिए कुल 75 छात्रों को तीन साल की अवधि के दौरान छात्रवृत्ति प्रदान करने संबंधी प्रस्ताव को बुधवार को मंजूरी दे दी। मुख्यमंत्री कार्यालय (सीएमओ) के एक बयान में कहा गया है कि इस कवायद के तहत हर साल 25 छात्रों को वन विभाग के 'मैंग्रोवऔर समुद्री जैव विविधता संरक्षण फाउंडेशन द्वारा छात्रवृत्ति दी जाएगी। बयान के अनुसार ये छात्रवृत्ति उन छात्रों को दी जाएगी जिन्होंने विदेश में ऐसे शिक्षण संस्थानों में प्रवेश लिया है जो 'टाइम्स हायर एजुकेशन(टीएचई) या 'क्वाकरेली साइमंड्स(क्यूएस) की 150वीं रैंकिंग के भीतर हैं। 'मैंग्रोवऐसे पेड़-पौधे होते हैं जो दलदली क्षेत्रों में पाये जाते है। बयान में कहा गया है कि इनमें से 30 फीसदी छात्रवृत्तियां छात्राओं को दी जाएंगी। इसके अनुसार इन 25 छात्रों में से 15 समुद्री विज्ञान, समुद्री पारिस्थितिकी, समुद्र विज्ञान, समुद्री जीव विज्ञान, समुद्री जैव प्रौद्योगिकी, सूक्ष्म जीव विज्ञान, जैव विविधता विषयों के स्नातकोत्तर और 10 पीएचडी छात्र होंगे। बयान के अनुसार स्नातकोत्तर छात्रों की न्यूनतम आयु 35 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए, जबकि पीएचडी छात्रों के लिए यह 40 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए। उनकी वार्षिक आय सीमा आठ लाख रुपये से अधिक नहीं होनी चाहिए। इसमें कहा गया है कि इस योजना पर सरकार के 31.50 करोड़ रुपये खर्च होंगे। मैंग्रोव फाउंडेशन हर साल अप्रैल या मई में छात्रवृत्ति के लिए विज्ञापन जारी करेगा।

## भिवंडी में बंदूक और चाकू की नोंक पर लूटने वाले तीन गिरफ्तार



**भिवंडी :** भिवंडी शहर और ग्रामीण परिसर में पैदल चलने वाले राहगिरों सहित होटल, पान पट्टी और ड्यूटी खत्म कर रात में अकेले घर पर जा रहे पावरलूम मजदूरों को बंदूक और चाकू दिखाकर लूटपाट करने की घटनाएं घटित हुई। भिवंडी क्राइम ब्रांच युनिट के पुलिस ने अपराध को अंजाम देने वाले फातमा नगर, शांति नगर निवासी नौशाद उर्फ अतीक हलीम अंसारी, इमरान अख्तर सय्यद और रोशन अली बरकत अली सय्यद को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। पुलिस टीम ने इनके पास से दो देसी कट्टा, पांच जिंदा कारतूस और नौ धारदार चाकू बरामद किया है। शांति नगर पुलिस ने इस गिरोह का सरगना पंडित को एक देसी बंदूक और कारतूस के साथ पहले ही गिरफ्तार किया है। मिली जानकारी के अनुसार, शहर के कई परिसरों में पैदल जा रहे मजदूरों के साथ मारपीट और लूटपाट की घटनाएं बढ़ गई थी। भिवंडी अपराध शाखा के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक सचिन गायकवाड़ के मार्गदर्शन में क्राइम ब्रांच पुलिस ने शांति नगर के आशा कंपाउंड से नौशाद उर्फ अतीक हलीम अंसारी, इमरान अख्तर सय्यद और रोशन अली बरकत अली सय्यद को हिरासत में ले लिया।

## पति की हत्या के आरोप में पत्नी और उसका प्रेमी गिरफ्तार




**ठाणे :** महाराष्ट्र के ठाणे जिले में अपने पति की हत्या करने और शव को पहाड़ी इलाके में फेंकने के आरोप में पुलिस ने 24 वर्षीय एक महिला और उसके प्रेमी को गिरफ्तार किया है। एक अधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी। साहापुर प्रमंडल के पुलिस उपाधीक्षक विकास नाइक ने बताया कि 24 अप्रैल को नासिक-मुंबई राजमार्ग पर स्थित कसारा घाट घाटी में एक मंदिर के पीछे एक अज्ञात व्यक्ति का सड़ा-गला शव मिला था।

उन्होंने बताया कि पुलिस जांच दल ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया था। पुलिस ने बाद में पीड़ित की पहचान डोंबिवली इलाके के एक सब्जी विक्रेता सुनील कोठेरे (28) के रूप में की। अधिकारी ने बताया कि पुलिस ने अलग-अलग सूचनाओं के आधार पर मंगलवार को मृतक की पत्नी कोमल सुनील कोठेरे और उसके प्रेमी मोनुकुमार त्रिलोकनाथ खरवार (28) को गिरफ्तार किया।

खरवार भी एक सब्जी विक्रेता है। अधिकारी ने बताया कि शव बरामद होने के बाद पुलिस ने दुर्घटनावश मौत की रिपोर्ट दर्ज की थी। जांच के बाद, उन्होंने आरोपियों के खिलाफ भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 302 (हत्या), 201 (अपराध के साक्ष्य को मिटाना) और 34 (साझा मंशा) के तहत मामला दर्ज किया।

## संपादकीय / लेख



फैसल शेख
(प्रधान संपादक)

### ग्यासपुरा त्रासदी

पंजाब में लुधियाना के ग्यासपुरा में जहरीली गैस रिसाव में ग्यारह लोगों की मौत उद्योग जगत की लापरवाही व नियामक तंत्र की कोताही को दर्शाती है। दुखद यह है कि इस हादसे में एक ही परिवार के पांच सदस्यों की मौत हुई है। विडंबना है कि इन हादसों में बेकसूर लोग दूसरे लोगों की आपराधिक लापरवाही की कीमत अपनी जान देकर गंवाते हैं। प्राथमिक जांच से संकेत मिले हैं कि हवा में हाइड्रोजन सल्फाइड गैस के उच्च स्तर का पता चला था। यह भी कि इस औद्योगिक इलाके में औद्योगिक इकाई द्वारा रासायनिक अपशिष्ट सीवर लाइन में बहाये जाने की वजह से जहरीली गैस उत्पन्न हुई। अधिक परेशानी वाली बात यह है कि घनी आबादी वाले ग्यासपुरा में घरों व दुकानों को अपनी चपेट में लेने वाली गैस मैनहोल से निकली थी। आशंका जतायी जा रही है कि सीवर लाइन में बहाये गये रासायनिक कचरे की सीवेज गैसों की प्रतिक्रिया के स्वरूप जहरीली गैस का रिसाव हुआ। जाहिर है इस तरह का रासायनिक कचरा लंबे समय से बहाया जा रहा होगा। लेकिन निगरानी तंत्र की लापरवाही के चलते ये हादसा हुआ है। अब मजिस्ट्रियल जांच और हाल में एसआईटी के गठन के बाद आपराधिक लापरवाही करने वालों पर शिकंजा कसा जायेगा। इस लापरवाही की जवाबदेही तय करने के बाद कड़ा दंड ही ऐसे हादसों की पुनरावृत्ति रोक सकता है। दरअसल इस इलाके में बड़ी संख्या में औद्योगिक इकाइयां कार्यरत हैं, लेकिन उसके बावजूद आसपास घनी आबादी बनी हुई है। जिसमें बड़ी संख्या कामगारों में शामिल प्रवासी लोगों की रही है। निस्संदेह, यदि समय रहते कदम न उठाये जाते तो हादसे का दायरा बड़ा हो सकता था। तुरत-फुरत लोगों को प्रभावित इलाके से हटाने और गैस के स्रोत को सील करने का काम किया गया। साथ ही राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल की कार्रवाई तेज व प्रभावी रही। प्रयास किया गया कि रासायनिक पदार्थों के अवशेष बाकी न रहें तथा क्षेत्र में पानी के नमूनों की भी जांच की गई।

कहा जा रहा है कि नगर निगम और स्थानीय प्रशासन की लापरवाही भी हादसे की वजह बनी होगी। प्रशासन को अब यह सुनिश्चित करना होगा कि भविष्य में ऐसे हादसों की पुनरावृत्ति न हो। साथ ही नियामक संस्थाओं की भूमिका की जांच करके सख्त कार्रवाई करनी होगी। उल्लेखनीय है कि देश में 1984 में घटी सबसे बड़ी औद्योगिक दुर्घटना भोपाल गैस त्रासदी के बाद ऐसे हादसों को रोकने के लिये बड़े पैमाने पर अभियान चलाए गये थे। उसके बाद पर्यावरण संरक्षण कानून बनाये गये, आपदा प्रबंधन एजेंसियों की सक्रियता बढ़ी तथा हादसों को रोकने के लिये सतर्कता उपायों पर विचार हुआ। लेकिन उसके बाद औद्योगिक सुरक्षा सुनिश्चित करने की दिशा में लापरवाही का सिलसिला फिर शुरू हो गया। बताया जाता है कि पिछले एक दशक में रासायनिक विषाक्तता से जुड़ी करीब 130 दुर्घटनाएं दर्ज की गईं। दरअसल देश में औद्योगिक सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिये मौजूद तकनीक, वैज्ञानिक अनुसंधान और उन्हें लागू करने वाली नौकरशाही में तालमेल का नितांत अभाव देखा गया है। दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति यह है कि रासायनिक अपशिष्ट के निस्तारण की प्रक्रिया को विज्ञान सम्मत ढंग से अमली जामा नहीं पहनाया जाता है। निर्विवाद रूप से यह लंबी प्रक्रिया है लेकिन इसमें कोताही का कतई स्थान नहीं है क्योंकि यह प्रश्न आम लोगों के जीवन से जुड़ा है। निस्संदेह, ग्यासपुरा की त्रासदी एक चेतावनी देती है कि पर्यावरण नियमों का उल्लंघन करने वालों पर सख्त कार्रवाई का अभाव बड़े हादसों को जन्म दे सकता है। मृतकों के प्रति संवेदना जताने और मुआवजा बांटने की औपचारिकताओं से इतर ऐसी आपराधिक लापरवाही में लिप्त औद्योगिक इकाइयों के मालिकों तथा निगरानी करने वाली नियामक संस्थाओं के जिम्मेदार लोगों को सख्त सजा देने का प्रावधान सुनिश्चित करना जरूरी है।

editor@rokthoklekhaninews.com
Faisal Shaikh @faisalshaikh_91

# मुंबई से लेकर दिल्ली तक होगा शरद पवार के इस्तीफे का असर...

## एक बार फिर गरमायी महाराष्ट्र की सियासत



**मुंबई :** शरद पवार के राकांपा अध्यक्ष पद से इस्तीफे के महाराष्ट्र से लेकर राष्ट्रीय राजनीति तक पड़ने वाले प्रभाव की हर ओर चर्चा हो रही है। सबसे अहम बात यह है कि पवार ने यह निर्णय अकेले नहीं किया है। पत्नी प्रतिभा, बेटी सुप्रिया और भतीजे अजीत पवार इस प्रक्रिया में शामिल रहे हैं। बड़े राजनीतिक फैसले की घोषणा के लिए पुस्तक विमोचन सरीखा अराजनीतिक अवसर चुना गया। इस्तीफे की घोषणा शरद पवार ने लिखित संदेश पढ़कर की और राष्ट्रीय राजनीति के महत्व की सूचना मानते हुए इसकी अंग्रेजी प्रति भी वितरित की गई। राजनीतिक विश्लेषक मानते हैं कि अजीत पवार के अंतिम सांस तक पार्टी में बने रहने के बयान के बावजूद राकांपा में विभाजन के कयास खत्म न होने पर पवार इसी प्रकार का बड़ा प्रभाव चाहते थे। अजीत ने जब कार्यकताओं को इस्तीफे का फैसला स्वीकार करने के लिए मनाने का प्रयास किया तो उन पर अविश्वास का भाव भी दिखा। कार्यकर्ता चाहते थे कि सुप्रिया सुले बोलें और अपने पिता से भी आग्रह करें। हालांकि अजीत के मना करने पर सुप्रिया नहीं बोलीं। यदि पवार इस्तीफा देने पर अड़े रहें तोःऐसे में राकांपा को नया नेता चुनना होगा, कोई दमदार व्यक्ति या रबर स्टैंप। अजीत ने मंगलवार को कहा कि वह अध्यक्ष पद के इच्छुक नहीं हैं। क्या सुप्रिया चुनी जाएंगी या कोई और?

अजीत के अनुसार पवार को वरिष्ठ पार्टी नेताओं ने एक कार्यकारी अध्यक्ष बनाने का भी सुझाव दिया है ताकि राष्ट्रीय अध्यक्ष पर बोझ कम रहे। यहां राष्ट्रीय अध्यक्ष से मतलब शरद पवार से ही है। ऐसे में राकांपा पर पवार का ही नियंत्रण रहेगा, जब तक वह चाहेंगे। यदि पवार कार्यकारी अध्यक्ष पर पूरा नियंत्रण रखेंगे और राजनीतिक गतिविधियों, रणनीति बनाने व प्रचार में भाग लेंगे तो महाविकास आघाड़ी को भी अति आवश्यक चुनावी संबल मिलेगा।

### क्या होगा यदि पवार फैसला वापस ले लें

**बड़ा प्रश्न है कि क्या होगा यदि पवार इस्तीफा वापस ले लेते हैं? इससे राकांपा के लिए कुछ नहीं बदलेगा क्योंकि उसके लिए शरद पवार ही सब कुछ रहे हैं और वही फिर इस स्थिति में बने रहेंगे। मंगलवार को अचानक की गई इस्तीफे की घोषणा भी इस बात को पुष्ट करती है कि पार्टी के सुप्रीम नेता का वर्चस्व और नियंत्रण किसी भी स्थिति में कायम रहता है। एक और बात साफ है कि पवार के खिलाफ साजिश रचने वालों, असंतुष्टों और राजनीतिक दुश्मनों के सहयोगियों का एक भी गलत कदम उन पर खासा भारी पड़ेगा।**

# हर दिन 3 से 5 करोड़ रुपये तक की करता था साइबर ठगी,

## सिर्फ 12वीं तक पढ़ा, हैरान कर देगी इस शातिर की कहानी



**मुंबईः** बांगुर नगर पुलिस ने साइबर क्राइम से जुड़े एक ऐसे गिरोह का खुलासा किया है, जिसका लिंक चीन से है। इस गिरोह के पांच आरोपियों को पुलिस ने कोलकाता, मुंबई और विशाखापत्तनम से गिरफ्तार किया है। ये आरोपी मुंबई पुलिस के 50 से अधिक पुलिस अधिकारियों के नाम और उनके फोटो का इस्तेमाल कर साइबर ठगी की वारदात को अंजाम दिया करते थे। पुलिस के अनुसार, गिरोह का मास्टरमाइंड हैदराबाद का श्रीनिवास राव (49) है। वह 3-4 साल से रोजाना करोड़ों रुपयों की साइबर ठगी करता था, लेकिन पुलिस के रेडार पर नहीं आया है। पुलिस के मुताबिक वह हर दिन तीन से पांच करोड़ रुपए कमाता था। 12वीं तक पढ़े राव के 40 खातों में जमा 1.50 करोड़ रुपये पुलिस ने फ्रीज कर दिए हैं। आरोप है कि भारत में जुटाई गई साइबर फ्रॉड की रकम को राव चीन भेजता था। वहां वह चीनी बैंकों में यह पैसों जमा करता था और चीनी साइबर क्रिमिनल के संपर्क में भी था।

डीसीपी अजय कुमार बंसल के अनुसार, काफी दिनों से साइबर क्राइम से संबंधित शिकायतें मिल रही थीं कि पुलिस अधिकारी लोगों को कॉल कर उनके पार्सल में मादक पदार्थ होने की बात कहता है। इसलिए पार्सल को वेरिफाई करने लिए उन्हें किसी थाने में बुलाया जाता है। चूंकि, लोग पुलिस का नाम और उनका फोटो देखकर डर जाते थे। इसलिए वे सामने वाले को असली पुलिस समझकर उनकी बात पर भरोसा कर उन्हें केस से बचने के लिए पैसे दे देते थे। आरोपी लोगों को फंसाने के लिए स्काइप और वॉट्सऐप कॉल का इस्तेमाल करते थे।

# महाराष्ट्र में पीने के पानी कि किल्लत

## 2 किमी चलकर कुएं से पानी लाने को मजबूर हो रहीं महिलाएं



**नासिक :** महाराष्ट्र के लोग पानी की किल्लत से जूझ रहे हैं। राज्य के कई क्षेत्रों में जल संकट गहराया हुआ है। जल संकट के बीच बोरधापाड़ा गांव के जनजातीय लोग कुएं से पानी लाने के लिए 2 किमी पैदल चलकर पानी ला रहे हैं।

**2 किमी चलकर पानी लाने को मजबूर स्थानीय**

एक महिला ने बताया, 'हमारे गांव में 2 कुंए हैं लेकिन वो सुख गए हैं इसलिए हमें पहाड़ी के नीचे से पानी लाना पड़ रहा है जो कि 2 किमी दूर है। हम 2 किमी पैदल चलकर पानी लाते हैं और इस दौरान कई महिलाओं को बहुत चोटें लग रही हैं। हमारी प्रशासन से मांग है कि हमें पानी की सुविधा जल्द से जल्द दें।' पर्याप्त पानी की सुविधा ने होने के वजह से लोगों को काफी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है।

**रायगढ़ में भी पानी कि किल्लत**

रायगढ़ जिले में भी पीने के पानी की भारी कमी है। हालात ये हैं कि स्थानीय प्रशासन को राहत के तहत पानी के टैंकर रायगढ़ भेजने पड़ रहे हैं। मौजूदा वक्त में रायगढ़ के विभिन्न बांधों में सिर्फ 35 प्रतिशत पानी ही बचा हुआ है। अधिकारियों ने बताया कि कुल 35 गांवों और 113 बाड़ियों में जल संकट ज्यादा है और आने वाले दिनों में यह आंकड़ा कई गुना बढ़ सकता है।




# नवी मुंबई में पानी की चोरी पर लगेगी लगाम

## अवैध घरों को एनएमएमसी देगी नल कनेक्शन

**नवी मुंबई :** जिस तरह बिजली चोरी पर अंकुश लगाने के लिए महावितरण ने मांग के अनुरूप बिजली के कनेक्शन उपलब्ध कराने का निर्णय लिया है, इसी तर्ज पर अब नवी मुंबई महानगरपालिका के कमिश्नर राजेश नार्वेकर ने पानी की चोरी की रोकने के लिए अवैध घरों को मांग के आधार पर नल कनेक्शन देने का फैसला किया है। यह 'अभय योजना' प्रारंभिक तौर पर एक वर्ष की अवधि के लिए पायलट प्रोजेक्ट के आधार पर लागू की गई है। एनएमएमसी कमिश्नर के इस निर्णय से नवी मुंबई में हो रही पानी की चोरी पर लगाम लगेगी, ऐसी संभावना व्यक्त की जा रही हैं।

गौरतलब है कि नवी मुंबई महानगरपालिका के मालिकाना वाले मोरबे जलाशय से एनएमएमसी द्वारा हर दिन 450 एमएलडी पानी की सप्लाई की जाती है, इसके बावजूद एनएमएमसी क्षेत्र के कुछ हिस्सों में लोग पानी की कमी महसूस कर रहे है। एनएमएमसी क्षेत्र में बड़े पैमाने पर अवैध इमारतों और झोपड़पट्टियों में एनएमएमसी के जलापूर्ति विभाग द्वारा नल का कनेक्शन नहीं दिया गया है। जिसकी वजह उक्त इमारतों और झोपड़पट्टियों में रहने वाले लोग



एनएमएमसी की जल वाहिनी से अवैध तौर से नल कनेक्शन जोड़कर पानी की चोरी करते हैं। ऐसे लोगों के खिलाफ एनएमएमसी के संबंधित विभाग द्वारा समय-समय पर कार्रवाई की जाती है, फिर भी उक्त सिलसिला जारी हैं। जिसे रोकने के लिए कमिश्नर नार्वेकर ने अब उक्त लोगों को मांग के आधार पर नल कनेक्शन मुहैया कराने का निर्णय लिया है।

**अवैध नल कनेक्शन नहीं किया जाएगा नियमित**

जिस तरह से अन्य महानगरपालिकाओं और नगरपालिकाओं द्वारा पुराने अनाधिकृत नल कनेक्शनों को नियमित (अधिकृत) किए बिना केवल उपयोग किए गए पानी पर ही शुल्क वसूला जाता है, उसी तरह नवी मुंबई महानगरपालिका भी अब अवैध नल कनेक्शन धारकों से प्रति माह पानी का शुल्क वसूल करेगी। इसके लिए एनएमएमसी के जलापूर्ति विभाग द्वारा शुल्क की राशि तय की गई है। इस योजना के तहत झोपड़ी, बैठी चाल और अवैध इमारत के घरों के लिए 100 रुपए प्रति माह वसूला जाएगा, जबकि उपहारगृह, बार, बेकरी, सर्विस सेंटर के लिए 2,830 रुपए, खुदरा दुकानों, लॉन्ड्री, मटन- मछली की दुकानों, चाय की दुकानों, फरसाण मार्ट, घरेलू उपयोग, सब्जियों सहित दुकानों के लिए 490 रुपए का शुल्क तय किया गया हैं। वहीं टेलीफोन बूथ, किराना स्टोर, क्लीनिक, वखार, गैरेज, सैलून से पानी के लिए 191 रुपए प्रति माह शुल्क लिया जाएगा।

# डिवाइडर से टकराने के बाद ऑटो में लगी आग...

## गाड़ी में सवार महिला की मौत, ड्राइवर भी झुलसा



**ठाणे :** महाराष्ट्र के ठाणे शहर में बुधवार को भीषण सड़क हादसा हो गया। दरअसल गायमुख इलाके घोड़बंदर रोड पर सुबह 5.45 बजे एक ऑटो रिक्शा सड़क डिवाइडर से टकरा गया था। ऑटो रिक्शा में महिला सवार थी। डिवाइडर से टकराने के बाद ऑटो में आग लग गई। जिससे ऑटो में सवार महिला की मौत हो गई। साथ ही दुर्घटना में ऑटो ड्राइवर भी गंभीर रूप से उसमें झुलस गया।

**नियंत्रण खोने से डिवाइडर से टकराया ऑटो**

ऑटो-रिक्शा ठाणे शहर से भायंदर की ओर जा रहा था, उसी दौरान ड्राइवर ने अचानक नियंत्रण खो दिया था। ठाणे नगर निगम के क्षेत्रीय आपदा प्रबंधन प्रकोष्ठ (आरडीएमसी) के प्रमुख अविनाश सावंत ने पीटीआई को बताया कि वाहन इसके बाद सड़क के डिवाइडर से टकरा गया और उसमें आग लग गई।

**मृतक महिला की नहीं हुई पहचान**

अधिकारी ने कहा कि महिला के शव को पोस्टमॉर्टम के लिए सरकारी अस्पताल भेज दिया गया है और पुलिस मृतक की पहचान करने की कोशिश कर रही है। कसारवडावली पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और अधिकारी ने कहा कि आगे घटना की जांच जारी है।

### महिला यात्री की मौत, ड्राइवर भी झुलसा

**ऑटो में सवार महिला अपनी जान न बचा सकी। वह वाहन के अंदर फंसी रह गई और उसमें ही जलकर मर गई। अधिकारी ने कहा कि ऑटो ड्राइवर की पहचान राजेश कुमार के रूप में हुई है। उसकी उम्र 45 वर्ष है। वह भी इस हादसे में गंभीर रूप से झुलस गया। अधिकारी ने बताया कि जैसे ही हमें सूचना मिली हमारी टीम तुरंत घटनास्थल के लिए रवाना हो गई।**

### जलकर राख हुआ ऑटो

**सूचना मिलने के बाद स्थानीय दमकलकर्मी और आरडीएमसी की टीम मौके पर पहुंची और आधे घंटे में आग पर काबू पा लिया। उन्होंने बताया कि ऑटो पूरी तरह से जलकर राख हो गया है। वहीं, ऑटो ड्राइवर को तुरंत अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां उसका इलाज चल रहा है। हालांकि उसकी हालत गंभीर बताई जा रही है। वहीं, मौके पर पहुंची पुलिस ने महिला का शव बरामद कर लिया है।**

# टास्क टेलीग्राम ग्रुप में गेम खेलना पड़ा भारी...

## न्यू पनवेल के निवासी ने गवाएं इतने लाख रुपए

**नवी मुंबई :** न्यू पनवेल में रहने वाले एक व्यक्ति को टास्क टेलीग्राम ग्रुप पर गेम खेलना पड़ा भारी। इस व्यक्ति ने उक्त ग्रुप के सदस्य की बातों में आकर अपने 10 लाख 50 हजार रुपए गंवा दिए। जिसके बाद इस व्यक्ति को गेम के नाम पर ठगी होने का आभास हुआ। जिसके बारे में उक्त व्यक्ति ने इसके बारे में खादिश्वर पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई। जिसके आधार पर पुलिस का सायबर सेल उक्त मामले की छानबीन कर रहा है। खादिश्वर पुलिस स्टेशन से मिली जानकारी के अनुसार, ठगी की उक्त घटना न्यू पनवेल के सेक्टर-11 में रहने वाले शांति भूषण उपाध्याय नामक व्यक्ति के साथ हुई। शांति भूषण के मोबाइल पर मैसेज




आया कि अगर आप एक यू-ट्यूब लिंक भेजते हैं और उस पर एक वीडियो पसंद करते हैं, तो आपको प्रत्येक पसंद के लिए 50 रुपए मिलते हैं और यदि आप वीडियो पसंद करते हैं और एक स्क्रीनशॉट भेजते हैं, तो यह राशि दी जाती है। जिसकी बातों में आकर उपाध्याय ने उक्त व्यक्ति से अपनी व्यक्तिगत जानकारी के साथ-साथ बैंक खाते की जानकारी भी साझा की थी। पुलिस के मुताबिक, वीडियो पसंद करने पर शुरूआत में ठग ने उपाध्याय के गूगल-पे अकाउंट में 300 रुपए भेजे, जिसके मिलने के बाद उपाध्याय के मन में रुपए कमाने की लालच बढ़ गई और उन्होंने टास्क टेलीग्राम ग्रुप पर एक गेम खेलना शुरू किया। इसमें उन्हें तीन टास्क दिए गए और 3 लिंक बनाए गए। टास्क पूरा होने के बाद उनके बैंक खाते में 150 रुपए जमा किए गए। इस तरह ठग ने उनके खाते में थोड़ी-थोड़ी रकम भेजकर उपाध्याय का विश्वास जीत लिया। इसके बाद ठग ने उपाध्याय को अगले टास्क के लिए 10 लाख 52 हजार रुपए देने को कहा, जिसके बाद उपाध्याय ने उक्त राशि भेज दी। जो उन्हें वापस नहीं मिली।

# कल्याण में दोस्त ने किया दोस्त पर कोयता से हमला, अस्पताल में भर्ती, जानें क्या है पूरा मामला..

**कल्याण :** पहले की रंजिश को लेकर एक युवक ने कोयते से हमला कर अपने ही दोस्त को बुरी तरह जख्मी किए जाने का मामला सामने आया हैं। कल्याण के कोलसेबाड़ी पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर एक 18 वर्षीय युवक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया और आगे की जांच की जा रही हैं। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, कल्याण पूर्व मंगल राधो नगर स्थित साईंबाबा मंदिर के पास रहने वाले राहुल लक्ष्मण भुवड (32) ने कोलसेबाड़ी पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज करवाते हुए पुलिस को बताया कि रविवार की शाम करीब



5 बजे वह कल्याण पूर्व लोकग्राम क्षेत्र के मैदान से होकर जा रहा था।

**पहले थी रंजिश**

जब वह नाले के पुल पर पहुंचा तो वहां पहले से ही खड़ा कल्याण पूर्व के मंगल राधो नगर निवासी संतोष (18) ने पहले की रंजिश के चलते अचानक कोयता निकालकर उस पर हमला कर दिया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। हमला कर के आरोपी फरार हो गया। वहां आसपास के लोगों ने पुलिस को इसकी सूचना दी। इसके बाद पुलिस ने घटना स्थल पर पहुंचकर पहले राहुल को अस्पताल में पहुंचाया, जहां उसका इलाज चल रहा है। राहुल की शिकायत पर कोलसेबाड़ी पुलिस ने आईपीसी की धारा 326 के तहत संतोष के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया हैं और आगे जांच पुलिस उप निरीक्षक डी. एन. पाटिल कर रहे हैं।

# पालघर में हत्या कर शव को जंगल मे फेंककर 14 साल से फरार चल रहा आरोपी गिरफ्तार

**पालघर :** हत्या के मामले में 14 साल से वांछित मुख्य आरोपी को माणिकपूर पुलिस स्टेशन की क्राइम डिटेक्शन की टीम ने गिरफ्तार कर लिया गया है।यह कार्रवाई परिमंडल 2 डीसीपी पौर्णिमा चौगुले-श्रींगी व एसीपी पद्मजा बडे के मार्गदर्शन में माणिकपुर थाने के सीनियर पी.आई संपतराव पाटील, पी.आई (क्राइम ) अभिजीत मडके के नेतृत्व में क्राइम डिटेक्शन के स.पो.नि.सचिन सानप की टीम ने की है।यह जानकारी पुलिस अधिकारी ने मंगलवार को दी है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि 15 सितंबर 2010 को 09.45 बजे के पूर्व अज्ञात आरोपी ने अज्ञात कारणवश अज्ञात शख्स की गला दबाकर हत्या कर दी,उसके दोनों हाथ बांध दिए गए थे और सबूत मिटाने




की नीयत से शव को फेंक दिया गया था,इस मामले में शिकायतकर्ता सुनिल सोपान पालवे की शिकायत पर माणिकपुर थाने में अज्ञात आरोपी के ऊपर 302,201,34 के तहत केस दर्ज किया गया था।उक्त अपराध की विवेचना के दौरान मृतक शख्स का नाम पांधारी शामु राजभर (25),निवासी-ताई पाटील चाल,खैरपाडा,वालीव, वसई पुर्व के रूप में हुआ।पुलिस ने बताया कि वरिष्ठजनों द्वारा थाने में दर्ज अपराध रिकार्ड पर वांछित एवं फरार आरोपितों की तलाश के लिए विशेष तलाशी अभियान चलाकर इनके ठिकाने की जानकारी प्राप्त कर अपराध में इनकी गिरफ्तारी के निर्देश एवं मार्गदर्शन दिया गया.उपरोक्त निर्देश एवं दिशा-निर्देश के अनुसार मानिकपुर थाना क्राइम डिटेक्शन टीम के अधिकारी एवं गुप्त मुखबिरों से प्राप्त सूचना के आधार पर उपरोक्त अपराधों में मानिकपुर थाना के अभिलेखों पर वांछित आरोपी संजय गामा भारद्वाज (39),निवासी-जे.बी.नगर,चकाला,अंधेरी पुर्व, मुंबई से हिरासत में लिया,पुलिस ने आगे की पड़ताल की,उस समय मृतक शख्स इस बात से नाराज था कि उक्त आरोपी को 5000 रुपये एडवांस नहीं दिया गया था।आरोपी ने मृत शख्स को अपने साथियों के साथ कार में डाल दिया और रुमाल से गला दबा कर हत्या कर दी,उसी रुमाल से शव के हाथ पीठ के पीछे बांधकर मौजे ससुनवघर गांव की सीमा में बकरी मंडी,बाजूस के सामने,मुंबई अहमदाबाद महामार्ग के पास मिट्टी के ढेर के पास फेंक दिए गए, पता चला है कि वह पिछले 14 सालों से बनारस, उत्तर प्रदेश और अंधेरी, मुंबई में अपना स्थान बदल रहा है।

# रियायतों को बंद करके रेलवे ने की मोटी कमाई...



**मुंबई :** कोविड काल में वैश्विक महामारी कोरोना के कारण भले ही दुनियाभर की अर्थ-व्यवस्थाओं एवं इंसानों की कमर टूट गई होगी लेकिन रेलवे के लिए कोरोना काल वरदान साबित हुआ है। कहने को तो कोरोना काल में पाबंदियों के कारण रेलवे को कुछ समय के लिए यात्री भाड़े में नुकसान उठाना पड़ा था लेकिन उसी दौरान माल ढुलाई व यात्रियों को दी जानेवाली तमाम रियायतों को बंद करके रेलवे ने मोटी कमाई भी की। यहां तक कि कोरोना काल खत्म होने के बाद भी रेलवे यात्रियों की रियायतें रोककर अपनी तिजोरी भर रहा है। मात्र वर्ष २०२२-२३ में बुजुर्गों को रेल किराए में छूट न देकर रेलवे ने २,२४२ करोड़ रुपए की कमाई की है जबकि २०२० से २०२३ के बीच के पूरे कोरोना काल का हिसाब लगाया जाए तो यह आंकड़ा ५ हजार करोड़ के पार जा सकता है। एक आरटीआई के जरिए जुटाई गई जानकारी के मुताबिक, रेलवे ने बुजुर्गों को रेल किराए में दी जाने वाली छूट को बंद करने के बाद २०२२-२३ में २,२४२ रुपए करोड़ का अतिरिक्त राजस्व अर्जित किया। बकौल आरटीआई, १ अप्रैल २०२२ से ३१ मार्च २०२३ के बीच रेलवे ने करीब ८ करोड़ वरिष्ठ नागरिकों को रेल किराए पर कोई छूट नहीं दी। अर्थात रेलवे ने बुजुर्गों के २२४२ करोड़ हड़प लिए। रेलवे ने बताया कि नेशनल ट्रांसपोर्टर ने २० मार्च, २०२० से ३१ मार्च, २०२२ के बीच १,५०० करोड़ रुपए से अधिक कमा लिया था।

# भोजनालय का लाइसेंस रखने वाले रेस्तरां हुक्का नहीं परोस सकते : हाईकोर्ट



**मुंबई :** बंबई उच्च न्यायालय ने हर्बल हुक्का परोसने के लिए लाइसेंस रद्द किये जाने की कार्रवाई का सामना कर रहे एक उपनगरीय रेस्तरां को राहत देने से इनकार करते हुए कहा कि भोजनालय के लाइसेंस में हुक्का या हर्बल हुक्का परोसने की अनुमति स्वतः शामिल नहीं है। न्यायमूर्ति जी. एस. कुलकर्णी और न्यायमूर्ति आर. एन. लड्ढा की खंडपीठ ने अपने आदेश में कहा कि हुक्का उस रेस्तरां में परोसी जाने वाली वस्तुओं में शामिल नहीं किया जा सकता,जहां बच्चे, महिलाएं और बुजुर्ग जलपान या भोजन के लिए जाते हैं। अदालत ने कहा, ''जहां तक भोजनालय का संबंध है, तो यह (हुक्का परोसना) पूरी तरह से परेशानी का सबब होगा। यदि ऐसा (हुक्के की अनुमति) संभव हो जाता है, तो भोजनालय में ऐसे ग्राहकों पर इसके प्रभाव की कल्पना की जा सकती है।'

पीठ सायली पारखी की ओर से दायर एक याचिका पर सुनवाई कर रही थी, जिसमें बृहन्मुंबई नगर निगम (बीएमसी) द्वारा पारित 18 अप्रैल, 2023 के उस आदेश को चुनौती दी गई थी, जिसमें कहा गया था कि अगर हुक्का/हर्बल हुक्का परोसने का सिलसिला जारी रहता है तो उसके रेस्तरां 'द ऑरेंज मिंट' को दिया गया भोजनालय का लाइसेंस निरस्त कर दिया जाएगा। नगरीय निकाय का दावा था कि रेस्तरां हर्बल हुक्का गतिविधि के लिए लौ या जले हुए चारकोल का उपयोग कर रहा था, जो सार्वजनिक सुरक्षा को खतरे में और ग्राहकों की जान जोखिम में डाल रहा था। अदालत ने बीएमसी के आदेश पर रोक लगाने से इनकार करते हुए कहा कि रेस्तरां को हुक्का गतिविधियां संचालित करने से रोकने का आदेश बिल्कुल सही है। अदालत ने कहा, ''एक बार जब यह स्पष्ट हो जाता है कि हुक्का गतिविधियां भोजनालय लाइसेंस की शर्तों का हिस्सा नहीं हैं, तो ऐसी गतिविधि की अनुमति नहीं दी जा सकती है।'

# बाबरी ढांचा को लेकर उद्धव ठाकरे के वॉर पर फडणवीस का पलटवार

## ...उसके बाद हिंदुत्व की बात करें- देवेंद्र फडणवीस

**मुंबई :** अयोध्या स्थित बाबरी ढांचा गिराए जाने पर भाजपा पर हमला बोलने वाले पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे पर उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने पलटवार किया। मंगलवार को मीडिया से बातचीत में फडणवीस ने कहा कि बार -बार ढांचा गिराने की बात करने वाले उद्धव ठाकरे से मैं पूछना चाहता हूँ कि जब ढांचा गिराया जा रहा था तब वे कहां थे. जबकि भाजपा का



एक कार्यकर्ता के रूप में मैं वहां मौजूद था.लेकिन उद्धव ठाकरे कहां थे यह स्पष्ट करें? उसके बाद ही हिंदुत्व की बात करें। पीएम मोदी पर जनता का भरोसा है।कांग्रेस प्रवक्ता या नेता जितना भी पीएम मोदी के खिलाफ बोलेंगे, उतना पराजित होंगे। अगले चुनाव में भाजपा बड़े सीटों से जीत हासिल करेगी। फडणवीस ने कहा कि जो व्यक्ति ढांचा गिराने के वक्त वहा मौजूद नहीं था उसे हिंदुत्व या बाबरी ढांचा पर सवाल उठाने का कोई अधिकार नहीं है. मैं खुद कार्यकर्ता के रूप में वहां था, लेकिन उद्धव ठाकरे ये बताएं कि वो कहां थे?

# क्या सुप्रिया सुले संभालेंगी NCP की कमान?

**बड़े रोल की कर रही तैयारी**

मुंबईः एनसीपी चीफ शरद पवार के इस्तीफे की घोषणा के साथ ही महाराष्ट्र की राजनीति गर्म हो गई है. बड़ी चर्चा इस बात की है उनका उत्तराधिकारी कौन होगा. माना तो यह जा रहा है कि शरद पवार अपनी राजनीतिक विरासत अपनी बेटी सुप्रिया सुले को सौंप सकते हैं. बारामती से तीन बार की सांसद सुप्रिया को लेकर माना जा रहा है कि वह राष्ट्रीय राजनीति में बड़ी भूमिक निभाने को तैयार भी हैं. पवार की घोषणा के साथ ही सुप्रिया सुले पार्टी में काफी सक्रिय भी हो गई हैं. वहीं



कहा जा रहा है कि उनके चचेरे भाई अजीत पवार धीरे धीरे हासिए पर आ गए हैं. हालांकि सुप्रिया सुले ने फिलहाल पार्टी चीफ शरद पवार से अपने फैसले पर पुर्नविचार का आग्रह किया है. बावजूद इसके राजनीतिक हलके में कयासबाजी तेज हो गई है. इसकी वजह भी है. दरअसल बीते कुछ वर्षों में जिस प्रकार शरद पवार के वरदहस्त तले सुप्रिया सुले का उत्थान हुआ है और पार्टी में महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां संभालने लगी हैं.

माना जा रहा है कि यह सारी कवायद पहले से ही उनकी ताजपोशी के लिए हो रही थी. पार्टी की ओर से लगातार वह शिंदे सरकार पर हमलावर थी और केंद्र सरकार को भी जवाब दे रही थीं. खुद पवार ने भी दो साल पहले एक मराठी अखबार को दिए इंटरव्यू में स्वीकार किया था कि सुप्रिया सुले अब पार्टी में बड़ी भूमिका के लिए तैयार हैं. सर्वश्रेष्ठ सांसद का खिताब हासिल कर चुकीं सुप्रिया की रुचि राष्ट्रीय राजनीति और पार्टी के काम में हैं. उधर, मौजूदा स्थिति को देखते हुए पार्टी नेताओं ने भी इच्छा जताई है कि अजित पवार से किसी तरह का विवाद पैदा होने से पहले शरद पवार को अब जिम्मेदारी तय कर देनी चाहिए.पार्टी नेताओं के मुताबिक एनसीपी चीफ ने तीन युवा नेताओं को आगे बढ़ाया था. इनमें बेटी सुप्रिया सुले, भतीजे अजित पवार और एनसीपी के प्रदेशाध्यक्ष जयंत पाटिल शामिल हैं. लेकिन इस समय दुविधा की स्थिति में इन सभी में किस के सिर पर पार्टी का ताज सजेगा.



# बदलते मौसम में बेहतर सेहत के लिए अपनाएं ये योगा टिप्स

**मौसम का बदलाव होते समय स्वास्थ्य से जुड़ी कुछ समस्याएं होना आम बात है। मौसम ठंडा होने के कारण सिरदर्द, कमर दर्द, जुकाम, बदन दर्द, जोड़ों में समस्या, सांस लेने में परेशानी और हार्ट संबंधी व मानसिक समस्याएं भी हो सकती हैं। लेकिन इन योग व्यायाम का साथ, आपके स्वास्थ्य पर बेहतर बनाए रखने में सहायक होगा -**



1- प्राणायाम सभी के लिए लाभदायक है। इसमें योगेन्द्र प्राणायाम, नाड़ीशोधन प्राणायाम, भ्रमिका प्राणायाम, उज्जयी प्राणायाम अधिक लाभदायक रहते हैं। ध्यान अपनी शक्ति के अनुसार कर सकते हैं। लंबी गहरी सांस लें व छोड़ें। ओम का उच्चारण भी महत्वपूर्ण माना जाता है।

2- ध्यान, प्राणायाम, शवासन, योगनिद्रा के द्वारा सुषुप्त शक्तियों को जाग्रत कर सकते हैं। इससे काम करने की शक्ति बढ़ सकती है, मन एकाग्र होता है, बुद्धि तीक्ष्ण होती है। इन क्रियाओं से शारीरिक व मानसिक रोगों से लड़ने की प्रतिरोधात्मक शक्ति बढ़ जाती है।

3- ठंड के दिनों में, उच्च रक्तचाप, हृदय रोग के रोगियों को रात में अधिक कष्ट होता है। उनके लिए भी डॉक्टर की सलाह व योग विशेषज्ञ की सलाह से लाभ होता है। प्रत्येक व्यक्ति को प्रात- शाम घूमना चाहिए। दिन में एक बार दिल खोलकर हंसना चाहिए। सोने के 2 घंटे पूर्व सुपाच्य भोजन करना चाहिए।

# कैसे करें पर्सनल और प्रोफेशनल लाइफ बैलेंस?



फेसबुक वॉल से

**"कही आपका प्रोफेशनल लाइफ आपकी पर्सनल लाइफ को खराब तो नही कर रहा है ना? अगर आपका जवाब हां हैं तो आपको अभी से अपनी पर्सनल और प्रोफेशनल लाइफ बैलेंस करना शुरू कर देना चाहिए।**

बड़े होने के बाद हमारे लाइफ में काफी कुछ बदल जाता हैं। ऐसे में हम अपनी प्रोफेशनल लाइफ में इस कदर व्यस्थ हो जाते है कि हमें यह समझ नहीं आता है कि हम अपनी पर्सनल लाइफ पीछे छोड़ चुके हैं। ऐसा नहीं करना चाहिए आपको अपनी लाइफ को बैलेंस करके रखना चाहिए। आज हम आपको पर्सनल और प्रोफेशनल लाइफ बैलेंस करने के कुछ आसान हैक्स बताने वाले हैं।

### अपने परिवार को भी समय दें

काम ज्यादा होने के कारण कई बार हम महीनों तक अपने परिवार से नहीं मिल पाते हैं। अगर आप भी ऐसा करती हैं तो आपको अपनी इस आदत को अभी से बदल देना चाहिए। परिवार से समय- समय पर बात करते रहें। ऐसा करने से आप अपने लाइफ को बैलेंस कर पाएंगी।

### छुट्टियों पर जाएं

आपको काम के साथ खुद के लिए भी समय निकालना चाहिए। परिवार के साथ महीने में एक बार ही सही आपको छुट्टियों में बाहर जरूर जाना चाहिए। ऐसा करने से भी आप अपनी लाइफ को बैलेंस अच्छे से कर पाएंगी। लाइफ को सही तरीके से बैलेंस करके चलना काफी ज्यादा जरूरी है।

### दोस्तों से मिले

कई बार हम सालों तक दोस्तों से नही मिलते है। अगर आप भी ऐसा करती हैं तो आपको ऐसा नहीं करना चाहिए। कभी- कभी मैसेज के जरिए ही अपने बचपन के दोस्तों से बात करते रहना चाहिए।

हमारी और से बताई गई चीजों को आप फोलो करती हैं तो आसानी से आप भी अपनी पर्सनल और प्रोफेशनल लाइफ बैलेंस कर लेगी। उम्मीद है कि आपको हमारा ये आर्टिकल पसंद आया होगा। इसी तरह के अन्य आर्टिकल पढ़ने के लिए आर्टिकल के नीचे आ रहे कमेंट सेक्शन में हमें कमेंट कर जरूर बताएं और जुड़े रहें हमारी वेबसाइट हरजिंदगी के साथ।

# एनर्जी ड्रिंक पीना लगता है अच्छा तो जान लीजिए इसके नुकसान



**"एनर्जी ड्रिंक पीना इन दिनों एक चलन बन चुका है। अक्सर जब व्यक्ति को थकावट महसूस होती है और वह खुद को इंस्टेंट चार्ज करना चाहता है तो ऐसे में वह एनर्जी ड्रिंक का सेवन करता है। हो सकता है कि इसके सेवन से आपकी थकान कुछ वक्त के लिए दूर हो जाए, लेकिन कुछ ही समय में आपका शरीर और भी ज्यादा थका हुआ महसूस होता है। इतना ही नहीं, एनर्जी ड्रिंक आपकी बॉडी के लिए कई मायनों में नुकसानदायक है...**



एनर्जी ड्रिंक के सेवन का एक नुकसान यह है कि यह आपकी बॉडी को डिहाइड्रेट कर सकता है। दरअसल, एनर्जी ड्रिंक में कैफीन बहुत अधिक मात्रा में होता है। जिसके कारण जब इसका सेवन किया जाता है, तो आपको पानी की प्यास ही नहीं लगती है। ऐसे में आपकी बॉडी डिहाइड्रेट हो सकती है।

इतना ही नहीं, एनर्जी ड्रिंक में मौजूद कैफीन आपकी किडनी की तरल पदार्थ को बनाए रखने की क्षमता को प्रभावित करता है। जिससे व्यक्ति को बार-बार पेशाब आता है और शरीर से पानी की कमी होती है। आमतौर पर, हम एनर्जी ड्रिंक का सेवन तब किया जाता है, जब एक्सरसाइज या खेल के दौरान व्यक्ति थक जाता है। इस स्थिति में शरीर पानी के लिए तरस रहा होता है। हालांकि, एनर्जी ड्रिंक का सेवन करने शरीर में पानी की और भी ज्यादा कमी हो जाती है।

### हार्ट रेट का बढ़ना

जो लोग एनर्जी ड्रिंक का अधिक मात्रा में सेवन करते हैं, उनकी हार्ट रेट एकदम से बढ़ जाती है। ऐसे लोग स्ट्रेस और एंग्जाइटी का अनुभव कर सकते हैं। इसमें कैफीन बहुत अधिक होता है, जिससे आपको एंग्जाइटी या बैचेनी आदि की समस्या ट्रिगर होती है इतना ही नहीं, अगर आप देर शाम एनर्जी ड्रिंक का सेवन करती हैं तो यह आपकी नींद में भी खलल डाल सकता है। ऐसे में अनिद्रा से जुड़ी समस्याएं भी व्यक्ति को परेशान करने लग जाती हैं।

### वजन बढ़ना



अगर आप अपने वजन को मेंटेन रखना चाहती हैं तो ऐसे में आपको एनर्जी ड्रिंक का सेवन करने से बचना चाहिए। दरअसल, एनर्जी ड्रिंक में शुगर कंटेंट बहुत अधिक होता है। जो लोग इसका अधिक सेवन करते हैं, उन्हें लंबे समय में मोटापे और उससे जुड़ी हेल्थ प्रॉब्लम्स का सामना करना पड़ता है। इसलिए हमेशा यह सलाह दी जाती है कि एनर्जी ड्रिंक के स्थान पर खुद को तरोताजा करने के लिए आप नारियल पानी, नींबू पानी या छाछ आदि के सेवन को प्राथमिकता दें।

### हो सकती हैं डेंटल प्रॉब्लम्स

आपको शायद पता ना हो, लेकिन एनर्जी ड्रिंक का सेवन आपके दांतों के लिए भी अच्छा नहीं है। इसमें मौजूद हाई शुगर कंटेंट आपके आपके टूथ इनेमल को नुकसान पहुंचा सकता है। इतना ही नहीं, एनर्जी ड्रिंक का एसिडिक नेचर डेंटल केविटीज सहित अन्य कई ओरल हेल्थ इश्यूज को जन्म दे सकता है। इसलिए इनसे बचना ही सबसे अच्छा माना जाता है।

*तो अब आप भी एनर्जी ड्रिंक के सेवन से परहेज करे*




# राज्य की स्थिति बिगड़ गई है इसलिए विशेष अधिवेशन बुलाया जाना चाहिए - पटोले



**मुंबई :** राज्य की स्थिति बिगड़ गई है इसलिए विशेष अधिवेशन बुलाया जाना चाहिए, ऐसी मांग कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष नाना पटोले ने की है। इसी के साथ रत्नागिरी में बारसू रिफाइनरी का कड़ा विरोध कर रहे स्थानीय लोगों को दबाने के लिए राज्य सरकार पुलिस बल का इस्तेमाल कर रही है, ऐसा आरोप भी पटोले ने लगाया है। कोकण की प्रकृति को नष्ट करने का काम राज्य की ईडी सरकार कर रही है। ऐसा कहते हुए उन्होंने आगे कहा कि कांग्रेस पार्टी ने राज्यपाल से मिलकर वर्तमान में चल रही समस्याओं के मद्देनजर दो दिवसीय विशेष सत्र बुलाने की मांग की है। उन्होंने आगे कहा कि महाराष्ट्र भूषण पुरस्कार समारोह के दौरान खारघर में हुई १४ लोगों की मौत सरकारी हत्याकांड है, लेकिन इस मामले में अभी तक कोई मामला दर्ज नहीं किया गया है। इस घटना के लिए सरकार की लचर योजना जिम्मेदार है। खारघर घटना की उच्च न्यायालय के न्यायाधीश द्वारा जांच की जानी चाहिए। इसके अलावा बेमौसम बारिश और ओलावृष्टि से जिन किसानों को नुकसान हुआ है, उन्हें भी तत्काल मदद दी जानी चाहिए। इन सारे मुद्दों पर चर्चा के लिए विधानसभा का विशेष सत्र बुलाने की मांग कल राज्यपाल से मिलकर की है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष नाना पटोले के नेतृत्व में कांग्रेस नेताओं के एक प्रतिनिधिमंडल ने राजभवन में राज्यपाल रमेश बैस से मुलाकात की। इस प्रतिनिधिमंडल में पूर्व मुख्यमंत्री अशोक चव्हाण, पूर्व मंत्री नसीम खान आदि नेताओं का समावेश था। राज्यपाल को निवेदन देने के बाद मीडिया से बात करते हुए कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि आसमानी संकट से राज्य के किसान तबाह हो गए हैं। किसानों की आत्महत्या के मामलों में लगातार वृद्धि हो रही है। इन संकटों के बावजूद सरकार किसानों की मदद नहीं कर रही है। खराब मौसम और ओलावृष्टि से किसानों की फसलों को भारी नुकसान हुआ है, लेकिन अभी तक पंचनामे का काम नहीं हुआ है। सरकारी राजस्व और कृषि विभाग के पास फसलों को हुए नुकसान की पूरी जानकारी है। इस आधार पर सरकार द्वारा किसानों को पर्याप्त मदद करनी चाहिए। किसानों को कर्ज न देने के मकसद से सिबिल की दमनकारी नीति लागू की गई है।

# देश के करीब दस लाख बच्चों की जान खतरे में

**मुंबई :** देश के करीब दस लाख बच्चों की जान खतरे में है। उन्हें प्राइमरी इम्यूनोडेफिशिएंसी नामक गंभीर रोग हो सकता है। जानकारी के अभाव में इसका पता देर से चलता है। यह बीमारी बच्चों की प्रतिरक्षा प्रणाली को कमजोर करती है। हालिया हुए अध्ययन में यह मामला सामने आया है। इस अध्ययन में यह भी जानकारी सामने आई है कि अधिकांश हिंदुस्थानी प्राइमरी इम्यूनोडेफिशिएंसी से वाकिफ ही नहीं हैं, जो चिंता का विषय है।

उल्लेखनीय है कि प्राइमरी इम्यूनोडेफिशिएंसी विकारों का एक समूह है, जिसमें बच्चे की प्रतिरक्षा प्रणाली संक्रमण से लड़ने या उनके खिलाफ ऑटोइम्यूनिटी विकसित करने में असमर्थ होती है। साथ ही इनमें से कुछ बच्चों की अस्थि मज्जा प्रत्यारोपण के साथ समय पर इलाज न होने पर गंभीर संक्रमण से मौत हो सकती है।



हिंदुस्थान में प्राथमिक इम्यूनोडेफिशिएंसी के प्रसार पर आंकड़े अविश्वसनीय हैं, क्योंकि ज्यादातर बच्चे बीमारी का पता लगने से पहले ही मर जाते हैं। हालिया अध्ययन के अनुसार १.३ अरब की आबादी वाले हिंदुस्थान में करीब १० लाख से अधिक रोगियों में प्राथमिक इम्यूनोडेफिशिएंसी होने का अनुमान है।

बाई जेरबाई वाडिया अस्पताल की एक टीम ने 'जर्नल ऑफ एलर्जी एंड क्लिनिकल इम्यूनोलॉजी : ग्लोबल' में प्राथमिक इम्युनोडेफिशिएंसी वाले २१ बच्चों पर एक शोधपत्र प्रकाशित किया है। इसमें बताया गया है कि पीआईडी के लिए प्रत्यारोपित किए गए ९५ फीसदी बच्चे एक वर्ष के फॉलोअप उपचार में जीवित थे, जबकि ८६ फीसदी अपनी बीमारी से पूरी तरह ठीक हो गए थे। अध्ययन में सामने आई जानकारी यह बता रही है कि प्राइमरी इम्युनोडेफिशिएंसी के शिकार अधिकांश बच्चों के इलाज और प्रत्यारोपण एल्गोरिदम का उपयोग कर किया जा सकता है। इन बच्चों के इलाज में आनेवाली चुनौतियों में बीमारी का देरी से पता चलने की वजह से कई संक्रमणों की संभावना रहती है।

## बीएमसी स्कूलों की छतों पर उगाई जाएंगी सब्जियां! बीएमसी ने बनाई रूफ गार्डिंग की योजना




**मुंबई:** बीएमसी स्कूलों की छतों पर विद्यार्थी हरी सब्जी पैदा करेंगे। जिसका इस्तेमाल विद्यार्थियों के लिए बनने वाले मिड डे मील में किया जाएगा। बीएमसी गार्डन डिपार्टमेंट की मदद से सिटी गार्डनिंग प्रोजेक्ट के तहत शुरूआत में मुंबई के 250 स्कूलों में इसे लागू किया जाएगा। बीएमसी शिक्षा विभाग के अधिकारी राजेश कंकाल ने बताया कि अभी माटुंगा और चेंबूर में पायलट प्रोजेक्ट के तहत इसकी शुरूआत की गई है। बीएमसी एक संस्था के जरिए ऑर्गेनिक ग्रीन सोल्यूशन के अंतर्गत शहरी कृषि उपक्रम को लागू कर रही है। सीआरएस फंड से बीएमसी इसे विभिन्न स्कूलों में लागू करेगी। एमपीएस एल. के. वाघजी कैम्ब्रिज स्कूल, माटुंगा और चेंबूर कलेक्टर स्कूल में पायलट प्रोजेक्ट के तहत इसका सफलतापूर्वक प्रयोग किया गया।

# मुंबई लोकल में दिव्यांग कोच में यात्रियों की भीड़...

## ४,००० सामान्य यात्रियों के खिलाफ कार्रवाई



**मुंबई:** मुंबई लाइफलाइन कही जाने वाली लोकल के तकरीबन चार हजार यात्रियों पर 'गलत कोच' का कहर बरपा है। यह बड़ी कार्रवाई आरपीएफ द्वारा की गई है। दरअसल, पिछले चार महीनों में चार हजार यात्रियों पर दंड स्वरुप कार्रवाई की गई है। मुंबई लोकल में दिव्यांग कोच में यात्रियों की भीड़ बढ़ती जा रही है जो एक समस्या का रूप ले रही है। सेंट्रल रेलवे के रेलवे सुरक्षा बल ने विकलांग कोचों में घुसे लगभग ४,००० सामान्य यात्रियों के खिलाफ कार्वाई की है। दिलचस्प बात यह है कि इसमें महिलाओं और सरकारी कर्मचारियों की संख्या अधिक है। दरअसल, शहर में काम के लिए यात्रा करने वाले दिव्यांग यात्रियों की तादाद अधिक है। लोकल में दिव्यांग यात्रियों के लिए दो कोच आरक्षित होते हैं। हालांकि, दिव्यांग यात्रियों की बढ़ती संख्या को देखते हुए स्थानीय स्तर पर यात्रा करने में भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।

बता दें कि इस मामले में आरपीएफ को शिकायत मिली थी कि दिव्यांग कोच में सामान्य यात्री ज्यादा संख्या में सफर कर रहे हैं। इसके अनुसार, दिव्यांग कोच में यात्रियों की जांच की गई है। जनवरी से अप्रैल तक दिव्यांग कोच में सफर करने वाले ४,००० सामान्य यात्रियों के खिलाफ कार्रवाई की गई है। दरअसल, महिला कोच के बगल में ही दिव्यांग कोच हैं। इसके कारण जिन महिला यात्रियों को महिला डिब्बे में प्रवेश नहीं मिला, वे दिव्यांग डिब्बे में चढ़ जाती हैं। मध्य रेलवे के रेलवे सुरक्षा बल के वरिष्ठ मंडल सुरक्षा आयुक्त ऋषि कुमार शुक्ला ने कहा कि जांच के दौरान विभिन्न विभागों के सरकारी कर्मचारी बड़ी संख्या में दिव्यांग कोचों में यात्रा करते पाए गए हैं।

सुबह और शाम के व्यस्त समय के दौरान भीड़ के कारण दिव्यांगों को उनके कोचों में भी प्रवेश करने के लिए जगह नहीं होती है। आरपीएफ सिर्फ एक बार कार्रवाई करने से नहीं रुके। कार्रवाई की निरंतर आवश्यकता है। दिव्यांग कोचों में यात्रा करने वाले सरकारी कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई करना और संबंधित विभागों को इस बारे में सूचित करना आवश्यक है। अन्यथा दिव्यांग कोचों में सरकारी कर्मचारियों की भीड़ कम नहीं होगी। दिव्यांग कोच की सीटें महिलाओं और प्रथम श्रेणी और द्वितीय श्रेणी के कोचों की तुलना में कम हैं। निर्धारक दिव्यांग विकास सामाजिक संघ के अध्यक्ष नितिन गायकवाड़ ने कहा कि इसके चलते दिव्यांग कोचों के लिए जगह बढ़ाना जरूरी है।

# सुप्रीम कोर्ट को केंद्र ने दिया फांसी के विकल्प सोचने का भरोसा



**नई दिल्ली :** 'सजा-ए-मौत' यानी व्यक्ति की दुनिया से विदाई। खतरनाक अपराधियों को यह सजा दी जाती है। मगर इस क्रूर सजा के खिलाफ दुनिया के अलग-अलग देशों में आवाजें भी उठती रहती हैं। कई देशों ने मौत की सजा को खत्म कर दिया है। मगर हिंदुस्थान समेत ५० से भी ज्यादा देशों में ये लागू है। हिंदुस्थान में अपराधी को फांसी के फंदे से लटकाकर मारा जाता है। अब यहां सुप्रीम कोर्ट से मांग की गई है कि फांसी की सजा काफी तकलीफदेह होती है इसलिए फांसी के विकल्प में किसी अन्य तरीके से मौत की सजा दी जाए।

बता दें कि कल सुप्रीम कोर्ट में मौत की सजा के विकल्प वाली याचिका पर सुनवाई हुई। केंद्र सरकार ने कहा कि कि वो मौत की सजा पाने वाले दोषियों को फांसी के अलावा और भी तरीकों पर विचार करने के लिए विशेषज्ञों की एक समिति गठित करने पर विचार कर रही है। चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया डीवाई चंद्रचूड़ और जस्टिस जेबी पादरीवाला की पीठ ने याचिका पर सुनवाई की। केंद्र सरकार की ओर से अटॉर्नी जनरल आर वेंकटरमणी पेश हुए थे। उन्होंने बताया कि सरकार इस पर एक कमेटी गठित करने का विचार कर रही है। एजी ने बताया कि कमेटी में किन नामों को शामिल किया जाएगा, इस पर अभी विचार किया जा रहा है। कुछ समय बाद ही वो जवाब दे पाएंगे। सुप्रीम कोर्ट की पीठ ने भी इसमें सहमति जताते हुए कहा कि समिति गठित होने की प्रक्रिया पर विचार हो रहा है। अब गर्मी की छुट्टी के बाद सुनवाई की तारीख तय की जाएगी।

### प्रधानमंत्री ने राज्य के होसपेट इलाके में जनसभा को संबोधित करते हुए कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा

# हनुमान जी की पवित्र भूमि को नमन करना मेरा बहुत बड़ा सौभाग्य है: पीएम

**बेंगलुरु।** कर्नाटक विधानसभा चुनाव से पहले भाजपा और कांग्रेस समेत तमाम राजनीतिक दल मतदाताओं को लुभाने में जुट गए हैं। 10 मई को होने वाले मतदान से पहले राजनेताओं की धुंआधार चुनावी रैलियां हो रही हैं। इसी कड़ी में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को राज्य के होसपेट इलाके में जनसभा को संबोधित करते हुए कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा।

उन्होंने कहा कि यह देश का दुर्भाग्य है कि कांग्रेस पार्टी को प्रभु श्री राम से भी तकलीफ होती थी और अब जय बजरंगबली बोलने वालों से भी तकलीफ हो रही है। पीएम मोदी ने कहा, भाजपा कर्नाटक की मान-मर्यादा और संस्कृति पर कोई आंच नहीं आने देगी। बीजेपी कर्नाटक के विकास के लिए, यहां के लोगों को आधुनिक सुविधा देने के लिए... नए अवसर देने के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध है।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, आज हनुमान जी की इस पवित्र भूमि को नमन करना मेरा बहुत बड़ा सौभाग्य है। दुर्भाग्य देखिए, मैं आज जब यहां हनुमान जी को नमन करने आया हूं उसी समय कांग्रेस पार्टी ने अपने मेनिफेस्टो में बजरंगबली को ताले में बंद करने का निर्णय लिया है। पहले श्री राम को ताले में बंद किया और अब जय बजरंगबली बोलने वालों को ताले में बंद



करने का संकल्प लिया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के दशकों के शासन ने शहरों और गांवों के बीच खाई को बहुत ज्यादा बढ़ा दिया था, भाजपा सरकार गांव और शहर के बीच खाई को लगातार कम करने में जुटी हुई है। उन्होंने कहा, आज हमारे गांवों के बीच शहरों जैसी सुविधा पहुंच रही है। गांव से जुड़ी दूसरी चुनौतियों का भी भाजपा सरकार समाधान कर रही है।

### कांग्रेस ने घोषणा पत्र में बजरंग दल को लेकर क्या कहा

दरअसल, कांग्रेस ने कर्नाटक विधानसभा चुनाव के लिए मंगलवार को घोषणापत्र जारी किया। इसमें वादा किया गया कि प्रदेश में जाति व धर्म के आधार पर नफरत फैलाने के लिए बजरंग दल और पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (PFI) जैसे संगठनों के खिलाफ निर्णायक कार्रवाई की जाएगी। उसका कहना है कि ऐसे संगठनों को प्रतिबंधित करने की कार्रवाई भी हो सकती है। मुख्य विपक्षी दल ने कहा, कांग्रेस जाति और धर्म के आधार पर समुदायों के बीच नफरत फैलाने वाले संगठनों के खिलाफ ठोस और निर्णायक कार्रवाई करने को प्रतिबद्ध है। हमारा मानना है कि कानून और संविधान पवित्र है। कोई व्यक्ति या बजरंग दल, पीएफआई और नफरत व शत्रुता फैलाने वाले दूसरे संगठन, चाहे वह बहुसंख्यकों के बीच के हों या अल्पसंख्यकों के बीच के हों, वे कानून और संविधान का उल्लंघन नहीं कर सकते।

### मोदी बोले- कांग्रेस को भारत के इतिहास-विरासत पर गर्व नहीं

पीएम मोदी ने कहा कि हम्पी एक ऐसी जगह है जिसपर भारत ही नहीं, पूरी दुनिया को गर्व है। उन्होंने कहा, गुलामी की मानसिकता से भरी कांग्रेस ने कभी भी भारत के इतिहास और विरासत पर गर्व नहीं किया। इसका नुकसान हम्पी जैसे स्थानों को भी उठाना पड़ा। यह बीजेपी की ही सरकार है जो अब स्वदेश दर्शन के जरिए हम्पी की ऐतिहासिक विरासत का संरक्षण कर रही है। इससे पहले पीएम मोदी ने चित्रदुर्ग में आतंकवाद, भ्रष्टाचार और परिवारवाद के मुद्दे पर कांग्रेस पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि बिना वारंटी वाली इस पार्टी की कर्नाटक विधानसभा चुनाव में दी गई गारंटी (चुनावी वादे) झूठी है क्योंकि कर्नाटक का खजाना भी खाली हो जाएगा तो भी इन्हें पूरा नहीं किया जा सकेगा।

### आतंकियों के मारे जाने से कांग्रेस नेता के आखों में थे आंसू

प्रधानमंत्री ने आरोप लगाया कि कांग्रेस का इतिहास आतंक और आतंकवादियों के तुष्टिकरण का रहा है। उन्होंने कहा, जब दिल्ली में बाटला हाउस एनकाउंटर हुआ तो कांग्रेस की सबसे बड़ी नेता की आंखों में आतंकियों के मरने की खबर सुनकर आंसू आ गए थे। जब सर्जिकल स्ट्राइक और एयरस्ट्राइक हुई तो कांग्रेस ने देश की सेनाओं के सामर्थ्य पर ही सवाल खड़ा कर दिया। मोदी ने कहा कि आजादी के अमृतकाल में कर्नाटक का यह पहला चुनाव है। यह तय करेगा कि आने वाले 25 वर्षों में कर्नाटक विकास की किस उंचाई पर होगा।

## डीके शिवकुमार के हेलीकॉप्टर से टकराया पक्षी, कॉकपिट का शीशा टूटा, कराई गई इमरजेंसी लैंडिंग



**नई दिल्ली।** कांग्रेस की कर्नाटक यूनिट के अध्यक्ष डीके शिवकुमार को ले जा रहे हेलीकॉप्टर की इमरजेंसी लैंडिंग करानी पड़ी। चॉपर को हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड के एक हवाईअड्डे पर मंगलवार दोपहर को आपात स्थिति में उतारा गया। दरअसल, हेलीकॉप्टर के कॉकपिट की खिड़की से एक पक्षी टकरा गया, जिसके चलते यह फैसला लेना पड़ा। मालूम हो कि कांग्रेस नेता कोलार जिले के मुलबगल में एक जनसभा में शामिल होने जा रहे थे।

शिवकुमार के करीबी सूत्रों ने बताया कि हेलीकॉप्टर ने बेंगलुरु में जाक्कुर हवाई अड्डे से उड़ान भरी थी लेकिन एक पक्षी उससे टकरा गया। इसके कारण कॉकपिट का शीशा टूट गया और हेलीकॉप्टर को आपात स्थिति में हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) के हवाई अड्डे पर उतारना पड़ा। हेलीकॉप्टर में शिवकुमार और पायलट के साथ एक कन्नड़ समाचार चैनल का पत्रकार भी था जो उनका इंटरव्यू ले रहा था।

### शिवकुमार के परिवार के पास 1,414 करोड़ रुपये की संपति

गौरतलब है कि कर्नाटक कांग्रेस अध्यक्ष शिवकुमार के परिवार के पास कुल 1,414 करोड़ रुपये की संपति है। शिवकुमार ने राज्य में आगामी विधानसभा चुनाव के लिए कनकपुरा सीट से बीते महीने नामांकन पत्र दाखिल किया था। उन्होंने इसके साथ दायर हलफनामे में अपनी कुल संपति की जानकारी सार्वजनिक की। इसके मुताबिक, कांग्रेस नेता के पास 1,214 करोड़ रुपये की चल और अचल संपति है, जबकि उनकी पत्नी उषा शिवकुमार की कुल संपति 153.3 करोड़ रुपये है।

# भारतीय संस्कृति में विवाह को संस्कार माना गया: मुख्यमंत्री

### भीमपुर, गंजबसौदा, मूंदी, बैतूल, खण्डवा में 3232 जोड़ों का हुआ विवाह

**भोपाल।** मुख्यमंत्री ने कहा है कि भारतीय संस्कृति में विवाह को संस्कार माना गया है। विवाह युवक-युवती के परिणय के साथ परिवारों को भी मिलाता है। स्वयं सुखी, प्रसन्न और प्रेम से रहने के साथ दोनों परिवारों का ध्यान रखना नवविवाहित दम्पत्ति की जिम्मेदारी है। विवाह के लिये बेटी को बोझ न माना जाए, इस उद्देश्य से ही मुख्यमंत्री कन्या विवाह-निकाय योजना आरंभ की गई है। योजना में नवविवाहित जोड़े को चेक से 49 हजार रूपए उपलब्ध कराए जाते हैं, जिससे बेटी और दामाद अपनी पसंद और जरूरत के अनुसार नई गृहस्थी की सामग्री स्वयं खरीद सकें।

योजना में विवाह की अन्य व्यवस्थाएँ जिला प्रशासन द्वारा की जा रही हैं। जिला प्रशासन को निर्देश दिए गए हैं कि नवविवाहित जोड़ों के परिजन को अन्य शासकीय योजनाओं और कार्यक्रमों में भी लाभान्वित किया जाए। इससे नवदम्पत्ति को अपनी गृहस्थी चलाने में आसानी होगी। मुख्यमंत्री चौहान विदिशा जिले के गंजबसौदा, बैतूल जिले के भीमपुर तथा जनपद पंचायत बैतूल, खण्डवा जिले की नगर परिषद मूंदी एवं खण्डवा नगर निगम द्वारा नवचंडी देवी धाम में मुख्यमंत्री कन्या विवाह-निकाह योजना में हुए सामूहिक विवाह सम्मेलनों को मुख्यमंत्री निवास से वर्चुअली



संबोधित कर रहे थे।

### गृहस्थी की गाड़ी प्रेम से चलाएँ

मुख्यमंत्री चौहान ने नवविवाहित जोड़ों को शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि सामूहिक विवाह सम्मेलनों से आज विवाहों का महाकुंभ सम्पन्न हो रहा है। मुख्यमंत्री चौहान ने ÷मामा की दुआएँ लेती जा - जा तुझको सुखी संसार मिले÷ गीत गुनगुनाकर नवविवाहित जोड़ों को आशीर्वाद दिया।

### जन-प्रतिनिधि भी हुए शामिल

विदिशा जिले के गंजबसौदा में हुए विवाह समारोह में 154 जोड़े, जनपद पंचायत बैतूल में 1170, विकासखंड भीमपुर जिला बैतूल में 974, नवचंडी देवी धाम खण्डवा में 144 तथा नगर परिषद मूंदी में 790 जोड़े परिणय-सूत्र में बंधे। मूंदी जिला खण्डवा के सामूहिक विवाह सम्मेलन में संस्कृति मंत्री तथा खण्डवा जिले की प्रभारी सु उषा ठाकुर, सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल और जनपद पंचायत बैतूल में जिले के प्रभारी एवं स्कूल शिक्षा राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) इंदर सिंह परमार और सांसद दुर्गादास उईके विशेष रूप से सम्मिलित हुए।

# पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान के खिलाफ PAK कोर्ट सख्त, कहा- रद्द हो सकती है जमानत, अदालत में पेश हों PTI प्रमुख

**पाकिस्तान :** पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान के खिलाफ बुधवार को वहां की एक स्थानीय अदालत ने लगातार अनुपस्थिति को लेकर सख्ती दिखाते हुए कहा कि आपकी जमानत रद्द हो सकती है। दरअसल, पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ विभिन्न मामलों की सुनवाई के दौरान कोर्ट परिसर में उपस्थित नहीं थे, जिसको लेकर कोर्ट ने असंतोष जाहिर किया। इस्लामाबाद हाई कोर्चं के मुख्य न्यायाधीश आमेर फारूक ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री ने 'अदालतों के बाहर मजाक' बनाया है। डॉन अखबार की रिपोर्ट के मुताबिक, इमरान खान को बुधवार को अदालत में पेश होने के लिए कहा गया।

### इमरान खान के खिलाफ 100 से अधिक मामले दर्ज

पिछले साल सत्ता से बेदखल होने



के बाद से इमरान खान के खिलाफ 100 से अधिक मामले दर्ज किए गए, लेकिन अभी तक उन्हें किसी भी मामले में गिरफ्तार नहीं किया जा सका है। पाकिस्तानी सेना के खिलाफ बगावत और अनुचित भाषा के इस्तेमाल समेत कई मामलों में पीटीआई प्रमुख को हाई कोर्ट द्वारा अग्रिम जमानत दी गई है। हाई कोर्ट ने इमरान खान को सशर्त जमानत दी थी। दरअसल, कोर्ट ने कहा था कि पूर्व प्रधानमंत्री को अदालद में सुनवाई के दौरान उपस्थित रहना पड़ेगा और वह इसके लिए मान भी गए थे।

### अदालत में पेश हों इमरान खान

पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज के सांसद मोहसिन शाहनवाज रांझा द्वारा दायर मामले की सुनवाई करते हुए बुधवार को न्यायमूर्ति फारूक ने विभिन्न मामलों में इमरान खान की लगातार अनुपस्थिति पर असंतोष व्यक्त करते हुए उन्हें उसी दिन अदालत में उपस्थित होने का निर्देश दिया। रिपोर्ट में न्यायमूर्ति फारूक के हवाले से कहा गया, 'अगर इमरान खान अदालत के समय के दौरान पेश नहीं होते हैं, तो अंतरिम जमानत खारिज कर देंगे।

# इंफ्लुएंसर कल्चर के कारण नेहा ने गंवाई थी फिल्म, कम फॉलोअर्स के चलते किसी और को किया था कास्ट



नेहा शर्मा बॉलीवुड की जानी मानी एक्ट्रेस हैं। एक्ट्रेस सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। वहीं, दिनों वह अपनी आने वाली फिल्म जोगीरा सारा रा रा को लेकर चर्चा में हैं। इस फिल्म में उनके साथ एक्टर नवाजुद्दीन सिद्दीकी नजर आने वाले हैं। यह एक कॉमेडी फिल्म है। वहीं, एक्ट्रेस ने हाल ही में इंफ्लुएंसर कल्चर को लेकर खुलकर बात की है। उन्होंने कहा है कि कैसे एक व्यक्ति की प्रतिभा का अंदाजा इस बात से लगाया जाता है कि उसके इंस्टाग्राम पर कितने मिलियन फॉलोअर्स हैं।

### कम फॉलोअर्स के चलते किसी और को दे दी फिल्म

हाल ही में दिए एक इंटरव्यू के दौरान नेहा ने खुलासा किया है कि दिलचस्प बात यह है कि उन्होंने जोगीरा सारा रा रा को भी एक रील के माध्यम से पोस्ट किया था, जिसे कास्टिंग डायरेक्टर जोगी ने देखा था। हालांकि नेहा ने इसको लेकर क्लियर करते हुए कहा कि यह महज एक एक्सेप्शन था। उन्होंने बताया कि वह एक भूमिका के लिए कई रीडिंग के लिए गई थी और जब उन्होंने आखिरकार निमार्ताओं से वापस सुना, तो उन्हें बताया गया कि यह प्रोजेक्ट किसी और के पास चला गया है। नेहा ने तब उस व्यक्ति के एक्टिंग के बारे में पूछा, तो बताया गया कि इससे कोई फर्क नहीं पड़ता, क्योंकि उसके 30 से 40 मिलियन फॉलोअर्स थे।

### अभिनेता होगा फिट न कि इंफ्लुएंसर

एक्ट्रेस ने बताया कि शुरूआत में वह इन सभी बातों से काफी दुखी होती थीं, लेकिन अब यह स्वीकार करने लगी हैं कि यह वास्तव में नया मानदंड हो सकता है। हालांकि उन्होंने इस कल्चर पर अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि यह लंबे वक्त तक नहीं टिक नहीं सकता है। उन्होंने आगे कहा कि आखिरकार, फिल्म निमार्ताओं को एहसास होगा कि एक अभिनय भूमिका के लिए केवल एक अभिनेता ही बॉक्स में फिट होगा, न कि एक इंफ्लुएंसर।

# कृष्णा ने दी बड़ी कुर्बानी





**द कपिल शर्मा** शो के मोस्ट पॉपुलर कैरेक्टर कृष्णा अभिषेक शो में वापसी कर चुके हैं। हाल ही में कपिल शर्मा से उनका प्रोमो रिलीज किया गया था, जिसमें कृष्णा सपना दीदी के लुक में नजर आए थे। कृष्णा अभिषेक ने अब खुलासा किया है कि कपिल शर्मा शो के लिए उन्होंने एक बड़ी कुर्बानी दी है। एक्टर ने बताया कि उन्होंने शो के लिए एक बड़े डायरेक्टर की फिल्म छोड़ दी है। कृष्णा अभिषेक नेखुलासा किया कि उन्हें साजिद खान ने अपनी फिल्म ऑफर की थी, लेकिन उनकी सारी डेट्स कपिल शर्मा शो के लिए बुक थी। इसलिए उन्होंने फिल्म करने से मना कर दिया। एक्टर ने कहा कि कुछ परेशानियां थीं। हमारा चैनल के साथ पहले से कॉन्ट्रक्ट था और शेड्यूल बिजी था...साजिद खान ने मुझे फिल्म का ऑफर दिया था, जिसकी वो शूटिंग कर रहे हैं अभी। मेरे पास डेट्स ना होने की वजह से ये हो नहीं पाया। आप उनसे पूछ सकते हैं, मुझे भी उनके साथ काम करके बेहद खुशी होती। द कपिल शर्मा शो में कृष्णा को ग्रैंड वेलकम मिला। शो में अपनी वापसी की जानकारी देते हुए उन्होंने सेट से एक वीडियो शेयर किया था। वीडियो में कृष्णा सपना दीदी के लुक में नजर आए थे। कृष्णा ने जैसे ही अपने पुराने अंदाज में सेट पर एंट्री की ऑडियंस ने जोरदार तालियों के साथ उनका स्वागत किया। इसके साथ ही बैकग्राउंड में फिल्म मैंने प्यार किया का गाना दिल दिवाना चल रहा था। वहीं, स्टेज पर कीकू शारदा समेत उनके साथी को-स्टार्स ने भी एक्टर का वेलकम किया।

# परिणीति-राघव चड्ढा इस महीने करेंगे सगाई!



**एक्ट्रेस** परिणीति चोपड़ा और आम आदमी पार्टी के सांसद राघव चड्ढा ने अपनी रिलेशनशिप को अभी तक ऑफिशियल नहीं किया है, लेकिन रिपोर्ट्स के मुताबिक, दोनों जल्द ही सगाई करने वाले हैं। मिली जानकारी के मुताबिक, 13 मई को नई दिल्ली में उनकी सगाई होने वाली हैं। इससे पहले ये खबर सामने आई थी कि पिछले महीने 10 अप्रैल को ही दोनों की सगाई होने वाली थी। रिपोर्ट के मुताबिक, डेटिंग की अफवाह के बीच अब ये खबर सामने आई है कि दोनों इसी महीने की 13 तारीख को नई दिल्ली में सगाई करने वाले हैं। पिछले महीने जब परिणीति की चचेरी बहन प्रियंका चोपड़ा अपनी फिल्म सिटाडेल के प्रमोशन के भारत आई थीं, तब भी ये अनुमान लगाया जा रहा था कि परिणीति और राघव चड्ढा की सगाई भी उसी दौरान हो जाएगी। हालांकि ऐसा हुआ नहीं। बता दें, पिछले महीने मुंबई में लंच डेट पर एक साथ देखे जाने के बाद से ही दोनों के डेटिंग की अफवाहें शुरू हो गई थीं।




# 'कृष 4' का निर्देशन करेंगे करण मल्होत्रा!

**बॉलीवुड** निर्देशक करण मल्होत्रा फिल्म कृष 4 का निर्देशन कर सकते है। राकेश रौशन ने अपने पुत्र ऋतिक रौशन को लेकर वर्ष 2003 में सुपरहिट फिल्म कोई मिल गया बनायी थी। इसके बाद राकेश रौशन ने ऋतिक को ही लेकर वर्ष 2006 कोई मिल गया का सीक्वल कृष और वर्ष 2013 में कृष 3 बनायी। 'कृष' फ्रेंचाइजी को खूब पसंद किया गया है। अब फैंस इस फिल्म के चौथे पार्ट यानी 'कृष 4' का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। बताया जा रहा है कि 'कृष 4 ' को पिछले तीन पार्ट्स की तरह उनके पिता राकेश रोशन निर्देशित नहीं करेंगे, बल्कि उन्होने यह जिम्मेदारी करण मल्होत्रा को सौंपी है।

मालिक , मुद्रक,प्रकाशक ,संपादक फैसल शेख ने सोमानी प्रिंटिंग प्रेस , गाला नं 3 - 4 ,अमीन इंडस्ट्रियल इस्टेट ,सोनावला क्रॉस रोड नं 12 ,गोरगांव ( पूर्व ),मुंबई 63 से छपवाकर रूम नं 15 रमजान बिन 17 सी वंजावडी, माहिम वेस्ट मुंबई :4000 16 से प्रकाशित किया। संपर्क कार्यालय : 1 -ए, ग्राउंड फ्लोर साहिल मेंशन, बालमिया लेन, माहिम वेस्ट मुंबई 400016 मोबाइल नं 9987 77 5650 व्हाट्सप्प नं 7977 40 8589 : Email - editor@rokthoklekhaninews.com